**Title**: Urged the Government to appoint the MPs to the post of Chairman, District Rural Development Agencies (DRDA) in place of MLAs.

MR. SPEAKER: Okay. Now Shrimati Renu Kumari.

**SHRI SUNIL KHAN : No, Sir. The Minister of Parliamentary Affairs is here.**

MR. SPEAKER: How can the Minister of Parliamentary Affairs give the answer off-hand?

SHRI SUNIL KHAN (DURGAPUR): It is a matter of great concern, Sir.

MR. SPEAKER: No, it is not like this.

**श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) :** अध्यक्ष महोद्य, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको ह्रद्य से बधाई देती हूं।

मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे को उठा रही हूं। बिहार में केन्द्र प्रायोजित जितनी भी राशि जाती है, उस सारी राशि की लूट होती है। ग्रामीण विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन एम.पी. को बनाया जायेगा, लेकिन इस आश्वासन के बावजूद भी अभी तक एम.पी. को डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन नहीं बनाया गया है। हमें ज्ञात हुआ है कि बिहार में एम.एल.एज़. को डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन बनाया जा रहा है, जो बहुत ही दुख की बात है। एम.एल.ए. एक विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है जबकि एम.पी. छः विधान सभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। यह तो सरासर उनके ओहदे की तौहीन है। इसलिए मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री से आह्वान करना चाहती हूं कि वे अतिशीघ्र डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन एम.पी. को नियुक्त करें, नहीं तो मैं आपसे यह कहना चाहती हूं कि बिहार में एम.एल.ए. और कलैक्टर मिलकर केन्द्र सरकार की सारी राशि का दुरुपयोग करते हैं।

सांसद को कोई महत्व नहीं दिया जाता। जब सांसद कहते हैं कि यह केन्द्र सरकार की राशि है तो वहां के विधायक कहते हैंâ€¦( व्यवधान) बीच में न बोलें, मुझे बड़ी मुश्किल से समय मिला है । अध्यक्ष महोद्य, वहां के कलेक्टर को धमकी दी जाती है कि अगर केन्द्र सरकार की राशि को सांसद की अनुशंसा से खर्च करोगे तो तुम्हारा ट्रांसफर करा देंगे, तुम्हें सचिवालय भेज देंगे, ऐसा भागलपुर जिले में हुआ है।â€¦( व्यवधान) अध्यक्ष महोद्य, पशुपालन घोटाले का लुटेरा विधायक बनता है तो वहां की हालत क्या होगी, यह आप सोच सकते हैं। इसलिए केन्द्र सरकार इस पर शीघ्र कार्यवाही करे। इस बारे में बिहार के बहुत से सांसदों ने पहले भी निवेदन किया है। अध्यक्ष महोद्य, आपको मालूम होगा कि बिहार में एम.एल.ए. लैड में डेढ़ करोड़ रुपए कर दिए गए हैं। आप जानते हैं कि वह एक गरीब प्रदेश है, वहां विकास के लिए पैसा नहीं है। बिहार सरकार ने RGO,PWD और जिला योजना का पैसा एम.एल.ए. लैड में ट्रांसफर कर दिए हैं। केन्द्र सरकार से जो पैसा इंदिरा आवास योजना, समेकित ग्रामीण रोजगार योजना और जवाहर रोजगार योजना आदि के लिए दिया जाता है, बिहार सरकार उस पैसे को खुद का बताकर स्वयं नाम कमाती है और केन्द्र सरकार का नाम कहीं नहीं होता। मेरा निवेदन है कि इन योजनाएं के लिए आबंटित पैसे को एम.पी. लैड में कर दिया जाए और डी.आर.डी.ए. का चेयरमैन सांसद को बनाया जाए। अगर आप ऐसा करते हैं तो बिहार जैसे गरीब राज्य का उद्धार हो जाएगा।